देश

उवाच

महाराष्ट्र में 'भारत जोड़ो पदयात्रा' का पहला चरण तीन सितंबर से शुरू होगा और यह 17 सितंबर तक चलेगा। पदयात्रा के दौरान वे किसानों की समस्या, युवाओं की बेरोजगारी, राज्य सरकार में अनुबंध के आधार पर कर्मचारियों की नियुक्ति और महंगाई को जनता के सामने रखेंगे।

-नाना पटोले, एमपीसीसी के अध्यक्ष

तापमान	अधिकतम	न्यूनतम
दिल्ली	35.0	28.0
मुंबई	28.0	27.0
कोलकाता	27.0	26.0
चेन्नई	32.0	28.0

भारत जी-20 के बीच मणिपुर जलने से खो रही वैश्विक विश्वसनीयता : कांग्रेस

मणिपुर हिंसा को लेकर केंद्र सरकार पर साधा निशाना

नई दिल्ली,16 अगस्त (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता और सांसद शशि थरूर ने केंद्र सरकार पर बड़ा हमला बोला है। बुधवार को उन्होंने कहा कि एक तरफ भारत 'एक धरती, एक परिवार, एक भविष्य' की थीम पर जी-20 बैठकों की मेजबानी कर रहा है, वहीं दूसरी तरफ एक राज्य जल रहा है, इससे भारत देश दुनिया के सामने अपनी विश्वसनीयता खो रहा है। तिरुवनंतपुरम से सांसद शशि थरूर ने कहा कि जहां भारत के नेता अपने भाषणों में वसुधैव कुटुम्बकम की बात करते हैं, वहीं 'जब हमारा अपना ही एक राज्य जल रहा हो तो हमारी क्या विश्वसनीयता होगी? दुनिया भर में जो लोग भारत के बारे में पढ़ेंगे, वे कहेंगे कि सबसे पहले यहां मानवता और सद्भाव की जरूरत है। दिल्ली के पत्रकार जॉर्ज कल्लिवयालिल द्वारा लिखित 'मणिपुर एफआईआर' नामक पुस्तक का कवर जारी करने के बाद शशि थरूर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी से अनुरोध करूंगा कि कम से कम वैश्विक स्तर पर हमारी विश्वसनीयता को बचाने के लिए कुछ कार्रवाई करें। इस कार्यक्रम का आयोजन केरल मीडिया अकादमी ने किया था। इस समारोह में शामिल होने वाले गणमान्य व्यक्तियों में सीपीआई (एम) नेता और राज्यसभा सांसद जॉन ब्रिटास भी शामिल थे। मणिपुर में हिंसा मई में फैली थी, आज उसने भयावह रूप ले लिया है। स्थिति को देखते हुए वहां राष्ट्रपति शासन लगाया जाना चाहिए। इस तरह, सेना और राज्यपाल बिना किसी राजनीतिक हस्तक्षेप के कानून और व्यवस्था बनाए रखने पर निर्णय ले सकते हैं। आगे उन्होंने भाजपा के नेतृत्व वाली राज्य और केंद्र सरकार दोनों की कड़ी आलोचना की और कहा कि भाजपा को सत्ता में रहना है इसलिए वह वहां राष्ट्रपति शासन नहीं चाहते। इससे पहले शशि थरूर ने नेहरू मेमोरियल संग्रहालय और पुस्तकालय का नाम बदलने को लेकर पीएम पर निशाना साधा था और कहा कि प्रधानमंत्री संग्रहालय और पुस्तकालय करने पर कहा कि यह अफसोस की बात है कि यह नौबत आई।

भाजपा को सत्ता में रहना है इसलिए वह राष्ट्रपति शासन नहीं चाहते

वैश्विक स्तर पर हमारी विश्वसनीयता को बचाने के लिए कार्रवाई करें मोदी : शशि थरूर

मणिपुर में लगातार अशांति का माहौल : कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने बुधवार को कहा कि जब तक लूटे गए छह हजार हथियार बरामद नहीं हो जाते, तब तक मणिपुर में शांति नहीं हो सकती है। मणिपुर में लगातार अशांति का माहौल है। जैसे ही लगता है कि राज्य में तनाव कम हो रहा है वैसे ही हिंसा फिर भड़क जाती है। गोगोई ने कहा कि मणिपुर में लूटे गए छह हजार अत्याधुनिक हथियार और छह लाख राउंड गोला-बारूद बरामद होने तक शांति नहीं हो सकती। उन्होंने पत्रकारों से बात की। कहा कि राज्य में तीन मई से हिंसा जारी है। यहां सुरक्षा बलों से हथियार और गोला बारूद लूटे गए। अब इन हथियारों का इस्तेमाल राज्य के आम लोगों के खिलाफ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में शांति और सामान्य स्थिति कैसे होगी, जब दोनों पक्षों के बीच सुलह पर कोई बातचीत ही नहीं हुई है। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि मैतेई और कुकी दोनों मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह से नाखुश हैं। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि गृह मंत्री अमित शाह ने संसद में मुख्यमंत्री का पूरा समर्थन किया। उन्होंने कहा कि शांति समितियों में सीएम की मौजूदगी के कारण शांति वार्ता विफल हो गई है। कालियाबोर से सांसद गोगोई ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले से देश को गुमराह किया है। जब तक 6,000 हथियार बरामद नहीं हो जाते, तब तक राज्य में शांति नहीं आ सकती।

उल्टा तिरंगा फहराने पर असम भाजपा अध्यक्ष के खिलाफ प्राथमिकी

गुवाहाटी, 16 अगस्त (एजेंसियां)। स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान गुवाहाटी में पार्टी मुख्यालय पर कथित तौर पर उल्टा तिरंगा फहराने के आरोप में असम भाजपा अध्यक्ष भाबेश कलिता के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, कलिता पर देशद्रोही गतिविधि में शामिल होने का आरोप लगाते हुए तीन लोगों ने मंगलवार शाम को नगांव सदर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने दावा किया कि राज्य भाजपा नेता को इस तथ्य की जानकारी थी कि तिरंगा उल्टा रखा गया था और इसके बावजूद उन्होंने इसे फहराया। जब यह बताया गया कि झंडा उल्टा फहराया गया है, तो इसे ठीक किया गया। घटना पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कलिता ने बुधवार को आईएएनएस को बताया,पार्टी कार्यकर्ता जो झंडा फहराने के प्रभारी थे, वे इस बात से अनभिज्ञ थे कि इसे उल्टा फहराया गया था। इस वजह से यह हमारी जानकारी के बिना उल्टा हो गया।

बहुसंख्यकवाद के आधार पर नहीं चलाया जा सकता देश : महबूबा

नई दिल्ली,16 अगस्त (एजेंसियां)। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने बुधवार को कहा कि वह बहुत खुश हैं कि सुप्रीम कोर्ट अनुच्छेद-370 मामले में सुनवाई कर रहा है। इस दौरान उन्होंने भगवान राम का भी जिक्र किया। वह बुधवार को नई दिल्ली में सुप्रीम कोर्ट में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर चल रही सुनवाई में शामिल होने के लिए पहुंचीं।

इस दौरान उन्होंने मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि देश को बहुसंख्यकवाद के आधार पर नहीं चलाया जा सकता। यह देश संविधान के अनुसार चलेगा। पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा ने भगवान राम और उनके रघु वंश का जिक्र करते हुए कहा कि हमें अभी भी इस देश के सर्वोच्च न्यायालय पर भरोसा है। मैं उनसे अपील करना चाहती हूं कि देश रघुकुल रीत सदा चली आई, प्राण जाए पर वचन ना के सिद्धांत पर विश्वास करता है। पीडीपी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने कहा कि हिंदू पौराणिक कथाओं में भगवान राम से संबंधित रघु वंश इस सिद्धांत में विश्वास करते थे कि आपको अपना वादा कभी नहीं तोड़ना चाहिए। भले ही इसके लिए आपको अपना जीवन खोना पड़े।उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 को हटाने का मुद्दा भारत के लोगों और 1947 में कश्मीर के मूल निवासियों से किए गए वादे से संबंधित है।

- अनुच्छेद-370 मामले में जारी सुनवाई पर जताई खुशी
- भगवान राम व उनके रघु वंश का किया जिक्र

जम्मू-कश्मीर के लोगों की विशेष स्थिति को छीन लिया

महबूबा मुफ्ती ने कहा कि कि जम्मू-कश्मीर के लोगों की विशेष स्थिति को छीन लिया है। आज आइडिया ऑफ इंडिया परीक्षण पर है। देश का संविधान, न्यायिक प्रणाली और लोकतांत्रिक प्रणाली आज परीक्षण पर है। उन्होंने कहा कि वह संतुष्ट हैं कि अदालत ने केंद्र की इस दलील को स्वीकार नहीं किया कि अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त करने के बाद पूर्ववर्ती राज्य जम्मू-कश्मीर में स्थिति में सुधार हुआ है। मुफ्ती ने दावा किया कि पिछले पांच वर्षों में कई कश्मीरी पंडित घाटी छोड़ने को मजबूर किया गया है।

सार संक्षेप

सिन्हा ने वाजपेयी को याद कर दी श्रद्धांजलि

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने) भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पांचवीं पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उन्हें एक महान राजनेता बताया। सिन्हा ने एक ट्वीट किया, महान राजनेता एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि। वाजपेयी की दृष्टिकोण, बुद्धिमत्ता, उनके विचार और आदर्श हमें प्रगति के पथ पर प्रेरित और मार्गदर्शन करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि हमें आगे बढ़ना है, गर्व के साथ सिर ऊंचा रखना है और हमें एक साथ आगे बढ़ना है।

सांगली, सतारा में भूकंप के हल्के झटके

कोल्हापुर। महाराष्ट्र में कोल्हापुर और उससे सटे सांगली और सतारा जिलों के कुछ हिस्सों सहित आसपास के इलाकों में बुधवार को कुछ सेकंड के लिए भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। सुबह पौने सात बजे आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3.4 मापी गयी। भूकंप जिले और सांगली एवं सतारा जिलों के कुछ हिस्सों में आया था। भूकंप का केंद्र बिंदु सतारा जिले के कोयाना सिंचाई बांध से 20 किमी दूर जमीन से पांच किटर की गहराई में दर्ज किया गया। भूकंप से क्षेत्रों में जानमाल के नुकसान की कोई रिपोर्ट नहीं है।

तमिलनाडु के तीन छात्रों की समुद्र में डूबने से मौत

चेन्नई। तमिलनाडु के दक्षिणी तिरुनेलवेली जिले के थिसैयानविलई तालुक में मंगलवार शाम को समुद्र में नहाने गए तीन स्कूली छात्रों की डूबने से मौत हो गयी। पुलिस सूत्र ने बताया कि जैसे ही तीनों लापता हो गए, तटीय सुरक्षा समूह पुलिस और अग्निशमन सेवा कर्मियों ने मछुआरों के साथ मिलकर उनका पता लगाने के लिए तलाशी अभियान शुरू किया। तमिलनाडु विधानसभा अध्यक्ष एम. अप्पावु भी घटनास्थल पर पहुंचे और आधी रात तक चले तलाशी अभियान की निगरानी की, लेकिन उनका पता नहीं चल सका। बुधवार सुबह शव बहकर किनारे आ गए व उन्हें पोस्टमार्टम को आसारीपल्लम के मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया।

बिहार में स्वतंत्रता दिवस पर भी मायूस रहे अतिथि शिक्षक

बक्सर। बिहार के बक्सर जिले में प्लस टू विद्यालयों में कार्यरत अतिथि शिक्षकों को स्वतंत्रता दिवस समारोह में बढ़-चढ़कर भाग लेने के बावजूद उनको उस दिन का मानदेय नहीं मिलेगा।

कोलकाता में युद्धपोत का शुभारंभ करेंगी द्रौपदी मुर्मू

कोलकाता, 16 अगस्त (वार्ता) राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 17 अगस्त को कोलकाता स्थित गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड में नौसेना के प्रोजेक्ट 17ए फ्रिगेट के पोत विंध्यगिरि का शुभारंभ करेंगी। नौसैनिक पोत का नाम कर्नाटक की पर्वत श्रृंखला के नाम पर रखा गया है और यह प्रोजेक्ट 17ए फ्रिगेट का छठवां पोत है। युद्धपोत का लॉन्चिंग समारोह कोलकाता शहर में हुगली नदी के तट पर जीआरएसई की जहाज निर्माण सुविधा में आयोजित किया जाएगा।

अत्याधुनिक जहाज को नवीनतम उपकरणों से सुसज्जित किया जाएगा और सेवा में शामिल करने के लिए भारतीय नौसेना को सौंपे जाने से पहले व्यापक परीक्षणों से गुजरना होगा। पूर्ववर्ती विंध्यगिरि ने 8 जुलाई 1981 से 11 जून 2012 तक अपनी 31 साल की सेवा के दौरान कई चुनौतीपूर्ण अभियान और बहुराष्ट्रीय अभ्यासों में भाग लिया था। नव-निर्मित विंध्यगिरि देश के समृद्ध नौसेना इतिहास को अंगीकार करने के दृढ़ संकल्प का प्रतीक होने के साथ-साथ भविष्य में स्वदेशी रक्षा क्षमता को प्रेरित करने को भी दर्शाता है। प्रोजेक्ट 17 ए कार्यक्रम के अंतर्गत मैसर्स एमडीएल द्वारा कुल चार पोत और मैसर्स जीआरएसई द्वारा तीन पोत निर्माणाधीन हैं। परियोजना के पहले पांच पोतों का एमडीएल और जीआरएसई द्वारा 2019-2022 के बीच शुभारंभ किया गया।

ओबीसी वर्ग के साथ न्याय करे सरकार : कमलनाथ

कांग्रेस ने राज्य सरकार पर ओबीसी विरोधी होने का लगाया आरोप

भोपाल, 16 अगस्त (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने प्राथमिक शिक्षक वर्ग की परीक्षा में नियुक्ति की मांग कर रहे अभ्यर्थियों की मांगों का समर्थन करते हुए बुधवार को कहा कि सरकार अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के परीक्षार्थियों के साथ न्याय करे। कमलनाथ ने ट्वीट करते हुए आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार ने पिछले 18 वर्ष में ओबीसी वर्ग के खिलाफ काम करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है।

ओबीसी वर्ग के अभ्यर्थियों ने शिकायत की है कि प्राथमिक शिक्षक वर्ग 3 परीक्षा 2020 की द्वितीय काउंसलिंग में 800 से अधिक ओबीसी वर्ग के अभ्यर्थियों के नियुक्ति पत्र रोक दिए गए हैं। ये अभ्यर्थी भोपाल में लोक शिक्षण संचालनालय के बाहर धरना दे रहे हैं। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि इस शिकायत पर गंभीरता पूर्वक विचार कर न्यायोचित ढंग से नियुक्तियां दी जाएं।

सड़क पर उतरे ओबीसी परीक्षार्थी

मध्य प्रदेश में प्राथमिक शिक्षक भर्ती परीक्षा के चयनित अन्य पिछड़ा वर्ग के परीक्षार्थियों के नियुक्ति पत्र जारी न किए जाने का मामला तूल पकड़ रहा है। चयनित परीक्षार्थियों ने नियुक्ति पत्र की मांग को लेकर डीपीआई कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया। कांग्रेस ने राज्य सरकार पर ओबीसी विरोधी होने का आरोप लगाया है। राज्य में पिछले वर्षों में हुई प्राथमिक शिक्षक वर्ग 3 परीक्षा के सफल परीक्षार्थियों को नियुक्ति न दिए जाने के आरोप लंबे अरसे से लग रहे हैं। इसी के चलते राज्य के विभिन्न हिस्सों से पहुंचे परीक्षार्थियों ने लोक शिक्षण संचालनालय के सामने प्रदर्शन किया और नियुक्ति आदेश जारी करने की मांग की। छात्रों का आरोप है कि उनकी नियुक्ति के आदेश जारी नहीं किए जा रहे है। कांग्रेस के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरुण यादव ने प्रदर्शनकारी छात्रों का समर्थन करते हुए कहा कि, सीएम शिवराज अपने आपको ओबीसी हितैषी बताते हैं।

मगर उनके कार्यकाल में सबसे ज्यादा प्रताड़ित दलित, आदिवासी और पिछड़ा वर्ग ही रहा है। ओबीसी वर्ग तीन के चयनित शिक्षक भोपाल में डीपीआईके बाहर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं क्योंकि सरकार उन्हें ज्वाइनिंग नहीं दे रही है।

कोट.शिकायत पर गंभीरता पूर्वक विचार कर न्यायोचित ढंग से नियुक्तियां दी जाएं : कमलनाथ

बजरंग दल को नहीं करेंगे प्रतिबंधित : दिग्विजय

भोपाल। मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने बुधवार को कहा कि कांग्रेस के सत्ता में आने पर बजरंग दल को प्रतिबंधित नहीं किया जाएगा, हालांकि गुंडा तत्वों को नहीं छोड़ा जाएगा। सिंह ने संवाददाताओं से चर्चा के दौरान कहा कि कांग्रेस की ओर से बजरंग दल को प्रतिबंधित नहीं किया जाएगा, बजरंग दल में कुछ अच्छे लोग भी हो सकते हैं, हालांकि गुंडा तत्वों को नहीं छोड़ा जाएगा। सिंह के इस बयान से जुड़ा वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सिंह के इस बयान पर चुटकी लेते हुए भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता नरेंद्र सलूजा ने कहा कि सिंह को ये बात बहुत देर से समझ आई है कि बजरंग दल देशभक्त और राष्ट्रभक्तों का संगठन है।

कमजोर वर्गों के जीवन से गरीबी अभी भी दूर नहीं हुई : केसीआर

किसानों का 37 हजार करोड़ का फसल ऋण किया गया माफ

हैदराबाद,16 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव ने तेलंगाना राज्य और देश भर के सभी लोगों को भारतीय स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। गोलकोंडा फोर्ट में आयोजित स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में झंडोत्तोलन के बाद अपने संबोधन में के.चंद्रशेखर राव ने कहा कि इस अवसर पर मैं उन स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं जिन्होंने ब्रिटिश गुलामी की जंजीरों को तोड़ दिया और देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। तेलंगाना एक ऐसे राज्य के रूप में देश के लिए एक उदाहरण बन गया है जहां किसान कल्याण फल-फूल रहा है। साढ़े नौ साल की अवधि में दो चरणों में राज्य में किसानों का कुल 37,000 करोड़ रुपये का फसल ऋण माफ किया गया है। मुझे यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि पूरे देश में ऐसी कोई सरकार नहीं है जिसने किसानों को इस तरह से कर्ज मुक्त किया हो।

मैं आदरपूर्वक कहता हूं कि देश में ऐसा कोई राज्य नहीं है जो किसान कल्याण के मामले में तेलंगाना की बराबरी कर सके। दलितों, आदिवासियों, अल्पसंख्यकों और कमजोर वर्गों के जीवन से गरीबी अभी भी दूर नहीं हुई है। मैं निवेदन करता हूं कि प्रगति के फल, जो सभी वर्गों की उन्नति के लिए समान रूप से उपयोगी हैं, वे प्राप्त स्वतंत्रता के गुण हैं। देश के स्वतंत्रता संग्राम की भावना से हमने अहिंसक और शांतिपूर्ण तरीके से तेलंगाना राज्य हासिल किया। मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव ने आगे कहा कि स्वतंत्र भारत के 75 वर्षों में हासिल की गई प्रगति महत्वपूर्ण है, लेकिन यह कहा जाना चाहिए कि अपेक्षित लक्ष्य और प्राप्त किए जाने वाले लक्ष्य अभी तक हासिल नहीं किए जा सके हैं। प्राकृतिक संसाधन और मेहनती लोग होते हुए भी शासकों की अक्षमता के कारण संसाधनों का प्रभावी ढंग से उपयोग नहीं हो सका है।

नीतीश राजनीति में जा रहे पीछे : मांझी

पटना, 16 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और हिंदुस्तान अवाम मोर्चा के प्रमुख जीतन राम मांझी ने बुधवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को नसीहत देते हुए कहा कि वे अब राजनीति में पीछे जा रहे, उन्हें पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के चरणों में बैठकर प्रायश्चित करना चाहिए। वाजपेयी की पुण्यतिथि पर आयोजित एक कार्यक्रम के बाद मांझी ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि आज वे जिसके साथ हैं उन्हें वे कभी भ्रष्टाचारी कहते थे। उन्होंने यह भी कहा कि राजद अब सीएम पर छाया हुआ है। उन्होंने कहा कि आज बिहार में 1700 करोड़ का बना पुल पानी में बह जा रहा। हर दिन राज्य में कहीं न कहीं से हत्या की खबरे आती रहती हैं। इस दौरान मांझी ने दावा करते हुए कहा कि अगले चुनाव में नरेंद्र मोदी की पूर्ण बहुमत की सरकार फिर से आने वाली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महानता है कि वह बहुमत होते हुए भी सभी जमातों को अपने साथ लेकर चल रहे हैं। वे सभी को साथ लेकर चलते हैं।

IndusInd Bank

इंडसइंड बैंक लिमिटेड
प्रथम तल, संगम टावर चर्च रोड, जयपुर – 302001

सार्वजनिक सूचना (प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3(1) के तहत)

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन (सरफासी) अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के तहत सूचना की वैकल्पिक तामील। एतद्द्वारा निम्नवर्णित कर्जदारों को सूचना दी जाती है कि उन्होंने उनके द्वारा इंडसइंड बैंक लिमिटेड (आईबीएल) से प्राप्त किए गए सम्पत्ति के ऐवज में ऋण के प्रतिभुगतान में चूक की है, उनकी लोन क्रेडिट सुविधा आरबीआई के दिशानिर्देशों के अनुसार बैंक की बहियों में अनार्जक आस्ति की श्रेणी में सूचीबद्ध की जा चुकी हैं। तदुपरांत बैंक ने निम्नवर्णित संबंधित कर्जदार/सह-कर्जदार को वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन (सरफासी) अधिनियम, 2002 (सरफासी ऐक्ट) की धारा 13(2) के तहत मांग सूचनाएं उक्त कर्जदारों के अंतिम ज्ञात पते पर जारी की गई थीं, तद्द्वारा उनसे नीचे दिए गए विवरण के अनसार संबंधित सूचना/ओं में वर्णित राशियां, संबंधित सूचना की तिथि से 60 दिन के भीतर, उक्त मांग सूचनाओं में वर्णित राशि पर संविदात्मक दर पर आगे ब्याज तथा अनुषंगी खर्चों, लागत, प्रभारों इत्यादि सहित चुकाने की मांग की गई थी। तथापि, हम प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 (सरफासी नियमावली) के नियम 3 के अनुसार इस प्रकाशन द्वारा भी सूचना प्रदान कर रहे हैं :

कर्जदार और सह-कर्जदार/रों का नाम और पता	मांग सूचना की तिथि बकाया देय राशि	प्रत्याभूत आस्तियों/बंधक सम्पत्तियों का वर्णन
संदीप इंजीनियरिंग सर्विसेज (कर्जदार) इसके स्वामी के माध्यम से श्री संदीप सोनी श्री संदीप सोनी श्री अवध लाल सोनी श्रीमती सुलोचना सोनी (सह-कर्जदार)	मांग सूचना दिनांकित : 07-07-2023 आईएनआर 47,93,921.86 (सैंतालीस लाख तिरानवे हजार नौ सौ इक्कीस तथा पैसे छियासी मात्र) 18-05-2023 तक एवं उस पर आगे ब्याज और अन्य खर्चे एनपीए तिथि :- 08-05-2023 ऋण खाता संख्या FBF00028N FBF00034N FBF00035N FBF00074N	सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : प्लॉट नंबर 12 रिशाली केएच नंबर 276 पार्ट, पीएच नंबर 65, बी. नंबर 97, आरएनएम दुर्ग-1, मौजा इशपत नगर, ग्राम रिशाली दुर्ग, रायपुर-491001, परिमाप क्षेत्रफल 1600 वर्ग फीट, जिसकी चौहद्दी निम्नानुसार है :- पूरब : रोड 30 फीट, पश्चिम : अन्य व्यक्ति की भूमि, उत्तर : लीला वेणुगोपाल की भूमि, दक्षिण : मोहम्मद वकील अहमद की भूमि

हम एतद्द्वारा इसमें वर्णित कर्जदार से बकाया राशि, जिसका अधिक स्पष्ट वर्णन जारी संबंधित मांग सूचनाओं में किया गया है, का भुगतान, उस पर आगे ब्याज, लागत, प्रभारों, खर्चों इत्यादि के साथ, इस सूचना की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग करते हैं, जिसमें असफल रहने पर हम उक्त अधिनियम की धारा 13(4) तथा लागू नियमों के तहत उपर्युक्त प्रतिभूत आस्ति(यों)/अचल सम्पत्ति(यों) के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र होंगे, जिसमें प्रतिभूत आस्ति को कब्जे में लेना और बेचना भी शामिल है तथा जो उक्त कर्जदार(रों)/सह-कर्जदार(रों)/कानूनी प्रतिनिधि(यों) की जोखिम पर आपकी अपनी लागत और परिणामों के तहत होगा।
कृपया नोट करें कि सरफासी ऐक्ट की धारा 13(13) के अनुसार, आप सभी बैंक की पूर्व लिखित सहमति के बिना उपरोक्त प्रतिभूत आस्तियां की बिक्री, पट्टा या अन्य प्रकार से अंतरित करने के संबंध में प्रतिबंधित हैं। उक्त धारा का कोई भी उल्लंघन सरफासी ऐक्ट की धारा 29 तथा/अथवा इस संबंध में किसी अन्य कानूनी प्रावधान के तहत दंडनीय है।
कृपया नोट करें कि ऐक्ट की धारा 13 की उप-धारा (8) के अनुसार, यदि आईबीएल की बकाया राशि आईबीएल द्वारा उपगत सभी लागतों, प्रभारों तथा खर्चों के साथ आईबीएल को बिक्री या अंतरण के लिए नियत तिथि से पहले चुका दी जाती है, तो आईबीएल द्वारा प्रतिभूत आस्ति बेची या अंतरित नहीं की जाएगी और आईबीएल द्वारा प्रतिभूत आस्ति के अंतरण या बिक्री हेतु आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा।
एतद्द्वारा सर्वसाधारण को और विशेष रूप से कर्जदार/सह-कर्जदार को सावधान किया जाता है कि उक्त सम्पत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करें तथा उसके संबंध में कोई भी संव्यवहार इंडसइंड बैंक लिमिटेड की बकाया राशि और उस पर ब्याज के प्रभाराधीन होगा।

तिथि : 14-08-2023
स्थान : रायपुर

हस्ता./-
वास्ते-इंडसइंड बैंक लिमिटेड
प्राधिकृत अधिकारी

HDB FINANCIAL SERVICES

एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज

पंजीकृत कार्यालय : राधिका, द्वितीय तल, लॉ गार्डन रोड, नवरंगपुरा, अहमदाबाद, गुजरात, पिन कोड : 380009
शाखा कार्यालय : तृतीय तल, सिमरन टावर्स, जीवन बीमा मार्ग, एलआईसी के सामने, पंडरी, रायपुर, छत्तीसगढ़, पिन कोड -492004

कब्जा सूचना

जबकि, एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का 54) के अधीन तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित की धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित कर्जदारा/रों को मांग सूचना जारी की थी, जिसमें कजदारों से उक्त सूचना में वर्णित राशि भुगतान की वास्तविक तिथि तक सभी लागतों, प्रभारों तथा खर्चों के साथ उसकी प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर चुकाने की मांग की गई थी।
उक्त कर्जदार/सह-कर्जदार राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदार/सह-कर्जदार को और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्तियों का सांकेतिक कब्जा निम्नवर्णित तिथि को प्राप्त कर लिया है।
उक्त कर्जदारों को विशेष रूप से तथा जनसाधारण को इस संपत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है और संपत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड की यहां नीचे वर्णित बकाया राशि तथा उस पर संबंधित तिथि से भावी ब्याज, लागतों तथा प्रभारों के अधीन होगा।
अनुसूची सम्पत्ति के तहत कर्जदार तथा सह-कर्जदार का विवरण, ऋण खाता संख्या, यूआईसी नंबर, बकाया राशि, मांग सूचना तथा कब्जा की तिथि यहां नीचे दी गई हैं :

1) कर्जदार, सह-कर्जदार/गारंटर का नाम ; 2) ऋण खाता संख्या ; 3) यूआईसी नंबर 4) स्वीकृत ऋण राशि ; 5) प्रतिभूतियों का विवरण ; 6) बंधकदाता का नाम ; 7) मांग सूचना की तिथि ; 8) मांग दावा राशि भारतीय रूपए में ; 9) कब्जा की तिथि

1. लक्ष्मी प्लास्टिक (आवेदक/कर्जदार) एवं चैत बाई बंजारे एवं अमिका बंजारे एवं सुरेश बंजारे एवं धनेश्वरी पत्नी पप्पू एवं पप्पू बंजारी (सह-कर्जदार/गारंटर) सभी निवासी : (क) वार्ड नंबर 32, कार्यालय सं. 137, रिलायंस पेट्रोल पम्प के पीछे, निकट आर्य मिनरल कास्टिंग इंड. रायपुर-492001-छत्तीसगढ़. (ख) डायवर्टिड प्रॉपर्टी केएच. नंबर 175/15, स्थित मौजा-गोंडवारा, यतियतनलाल वार्ड नंबर 04, पीएच नंबर 108/37, रायपुर-492001 (ग) मकान नंबर 134, सतनाम पारा, गोडवारा, वार्ड नंबर 4, सरोरा, रायपुर-493221-छत्तीसगढ़. (घ) 134, रिलायंस पेट्रोल पम्प के पीछे, गोडवारा, सरोरा, बृंदावनगढ़ रायपुर-493221-छत्तीसगढ़. 2. ऋण खाता संख्या : 16348923, 15860666 यूनिक आईडी नंबर 4018636 के साथ संबद्ध ; 3) स्वीकृत ऋण राशि : रू. 70,00,000/- (रूपए सत्तर लाख मात्र) ऋण खाता सं. 16348923 द्वारा तथा रू. 1,70,00,000/- (रूपए एक करोड सत्तर लाख मात्र) ऋण खाता सं. 15860666 द्वारा ; 4) प्रतिभूतियों का विवरण : डायवर्टिड प्रॉपर्टी केएच. नंबर 175/1, 176/9, 175/14 स्थित मौजा-गोंडवारा, यतियतनलाल वार्ड नंबर 04, पीएच नंबर 108/37, आरआईसी रायपुर-1, तहसील एवं जिला रायपुर, छत्तीसगढ़-492001. काउंटर डीड पार्टीशन सुरेश बंजारे, पप्पू बंजारे तथा चैत बाई बंजारे के नाम, क्षेत्रफल परिमाप 27760 वर्ग फीट ; 5) मांग सूचना की तिथि - 24-05-2023 ; 6) मांग दावा राशि भारतीय रूपए में : रू. 2,46,97,953.76/- (रूपए दो करोड छियालीस लाख सत्तानवे हजार नौ सौ तिरेपन तथा पैसे छहत्तर मात्र) ऋण खाता सं. 16348923 तथा 15860666 द्वारा यूनिक आईडी नंबर 4018636 के साथ संबद्ध, दिनांक 24-05-2023 तक और आगे वास्तविक वसूली तक संविदात्मक दर पर ब्याज तथा अनुषंगी खर्चों, लागत एवं प्रभारों इत्यादि सहित ; 9) कब्जा की तिथि : 10-08-2023

1. कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर/बंधकदाता का ध्यान, प्रत्याभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।
किसी आपत्ति तथा समाधान के के लिए कृपया सम्पर्क करें : श्री अमन कुमार (प्राधिकृत अधिकारी), फोन नंबर 8800863718 (एम) (ओ)/ श्री भरत राजौरिया - 9200000522/एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड, तृतीय तल, सिमर